ऑनलाइन वेंडर रजिस्ट्रेशन वे सभी वेंडर जो राइट्स की सेवाओं की सुविधा ले रहे हैं, उन से इंस्पेक्शन कॉल के लिए ऑनलाइन कॉल बुकिंग करने का अनुरोध है. इस के लिए निम्नलिखित निर्देश सूचित किए जाते हैं:-

1. विक्रेता को राइट्स पोर्टल पर सुविधा प्राप्त करने के लिए यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा. इस के लिए उन्हें निम्नलिखित पते पर ईमेल भेजनी होगी:-

पूर्वी क्षेत्र - erinspn@rites.com

उत्तरी क्षेत्र -nrinspn@rites.com

दक्षिणी क्षेत्र -srinspn@rites.com

पश्चिमी क्षेत्र- wrinspn@rites.com

ई-मेल में निम्न सूचनाएं प्रदान करें:-

i) विक्रेता का नाम

ii) विक्रेता का पूरा पता जोकि क्रय आदेश में इंगित हो:-

iii) संबंधित अधिकृत व्यक्ति का नाम-

iv) अधिकृत व्यक्ति कामोबाइल नंबर

v) ईमेल एड्रेस

यदि विक्रेता पहली बार निरीक्षण कराने जा रहे है तो वह क्रय आदेश की एक प्रति भी उपरोक्त ईमेल के साथ लगाएं. इस सूचना के आधार पर विक्रेता को पासवर्ड तथा यूज़र आईडी प्रदान की जाएगी. यदि यूजर ID तथा पासवर्ड 72 घंटों में नहीं भेजी जाती तो विक्रेता हेल्प डेस्क पर संपर्क करें.

2. पासवर्ड तथा ID मिलने के बाद निम्न प्रक्रिया अपनाएं -

i) राइट्स लिमिटेड की साइट ritesinsp.com पर ऑनलाइन बुक करने के लिए जाएं.

ii) विक्रेता आंकड़ा/क्रय आदेश पंजीकरण/तथा कॉल के पंजीकरण के लिए साइट निर्देशानुसार इंगित करें.

3. यदि किसी प्रकार की समस्या आती है तो विक्रेता संबंधित क्षेत्र के हेल्प डेस्क से 10:00 बजे से 17.00 बजे के बीच किसी भी कार्य दिवस पर संपर्क कर सकते हैं. यह निवेदन है कि ऑनलाइन कॉल बुकिंग के माध्यम से कॉल बुक करके हमें बेहतर सेवा देने का अवसर प्रदान करें.